जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान
21 फरवरी 2023

# अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष बी.एल.निगोले के प्रथम आगमन पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



बड़वाह -- अजाक्स संघ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अम्बेडकर भवन बस स्टेंड बड़वाह मे आयोजित की गई। जिसमे समस्त सामाजिक संगठनो को आमंत्रित किया था। अजाक्स संघ के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बलिराम निगोले व विशेष अतिथि जिलासचिव एस.सहिते.वकोषाध्यक्ष एस.के.अटोदे.व एम.पांडे व बलाई समाज सुधार समिति अध्यक्ष महेश सिटोले पटेल व सचिव जगदीश खांडे ने सर्वप्रथम डा.अम्बेडकर के छाया चित्र व प्रतिमा पर पुष्प वंदन किया। बुद्ध वंदना उपासक शिक्षक रामेश्वर पंचोली ने प्रस्तुत की-अतिथिगणो का सभी गणमान्यजनो ने पुष्प माला पहनाकर जोरदार स्वागत सत्कार किया। बैठक के दौरान 26 फरवरी को भोपाल मे संविधान व आरक्षण को बचाने का विशाल आंदोलन तथा सदस्यता अभियान व कार्य कारणी विस्तार विषय बिंदु रखे गए थे।

## हमारी एकता से ही शक्तिशाली समाज का निर्माण होगा

तह.अध्यक्ष राजेन्द्र मकवाने ने आगामी रणनीति पर विचार करने का आव्हान किया। प्राचार्य आर.करोले ने कहा कि अब हम पर संविधान रक्षा की जवाबदारी है व समाज के दिग्दर्शक भी बनना है हमे कदम से कदम मिलाकर निरंतर अग्रसर रहना है। शिक्षक भूरा गांगले ने हमारी एकता से ही शक्तिशाली समाज का निर्माण होगा और अत्याचारो से लड़ पायेंगे। जिला सचिव व वेटनरी वि.जिलाध्यक्ष डा. जितेंद्र सैते ने कहा कि हमे अनवरत जागरूक रहना होगा। जातियो को छुपाना हमारी मुर्खता होगी7जिस संविधान से नौकरी ली है उसके तहत हमे बाहर आना होगा। व्याख्याता श्री गोठवाल ने भी कहा शिक्षा संगठन व संघर्ष के मूलमंत्र ही हमे आदर्श जीवन देगा व टीम बनाकर गांवों ते समाज को अच्छी जीवन शैली से अवगत कराना होगा। सम्मान की लडाई लडना होगा अन्यथा बच्चों को क्या जवाब देगे।

## हर तहसील से 2 हजार कर्मचारी भोपाल चले

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष बलीराम निगोले ने कहा तहसील की एकजुटता से प्रांत व राष्ट्रीय स्तर पर संघ सशक्त होता है। 26 का आंदोलन बेहद व्यापक व तूफानी होना चाहिए हर तहसील से 2 हजार कर्मचारी भोपाल चले. व अजाक्स के वार्षिक सदस्यता अभियान मे सहयोग करे। जिला सचिव श्री सहिते ने कहा कि हमे निरंतर सक्रिय रहकर समाज को आगे बढाने है संघर्ष से ही बाबा साहब ने संविधान रचा है इसकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। जिला कोषाध्यक्ष श्री अटोदे ने कहा आर्थिक व्यवस्था के बिना कुछ भी संभव नही है। एकजुटता ही हमे सशक्त करती है। हर छः माह मे आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत करे व पारदर्शिता बनाय। इस मौके पर परसराम सागोरे एन. के कोचले.डा.पी.एन.कांदोडे राकेश टटवारे बाबूलाल सिटोले सत्य शौधक समाज के प्रदेशाध्यक्ष राहुल सांवले जीतू सिटोले डा.अरूण सुरागे रघुनाथ धारेकर पुष्पेन्द्र रावल ने किया व आभार प्राचार्य चैनसिंह खडेकर ने माना

# ग्राम भानबरड में विकास की मांग को लेकर धरना आंदोलन व भुख हड़ताल




बड़वाह - इन दिनों विधायक श्री सचिन बिरला द्वारा पूरे बडवाह विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्राये निकालकर अपनी उपलब्धियों एवं सरकार की सौगातों से मतदाताओं को अवगत करवा करे है लेकिन कई गांवों में विकास कार्यो के लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब भूख हडताल एवं आन्दोलन जैसे कदम उठाकर विकास नही तो वोट नही का नारा गूंजायमान भी कर रहे है । बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम भानबरड में इन दिनों यहां के ग्रामीण जन सड़क निर्माण को लेकर भूख हडताल पर है । ग्रामीणों का कहना है कि विगत चुनाव में विधायक.सचिन बिरला को यहां से 90 प्रतिशत देकर ग्राम वासियों ने जिताया था लेकिन ग्रामीण जनता ने विकास के नाम अभी भी अनेक परेशानियों का सामना कर रहे है । इसी को लेकर इसलिए उपसंरपच लोकेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में यहां के ग्रामीण जन विकास की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये है।

यहां पर जीवन लाल करोडा जी ने बताया कि ग्राम भानबरड से बमनगांव को जोडने वाला प्रमुख मार्ग पिछले चार वर्षों से खराब होने के कारण स्कुली बच्चों,वाहनों, किसानों को बैल गाड़ी, पैदल आना जाना वह खेतों से आपनी फसलों को घर लाना तथा कृषि उपज मण्डी ले जाना दुर्भर हो गया है जिसे प्रधानमंत्री सड़क योजना से पक्का डामरीकरण बनवाने की मांग की जारही है , ग्राम में किसानों की रेल पथ में भूमि का अधिग्रहण हुआ था जिसमें एन.टी.पी.सी.द्वारा 30 लाख रुपए गांव के विकास के लिए देना थे लेकिन एनटीपीसी द्वारा भानबरड को अभी यह राशी नही दी गई है । ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ लोग भ्रष्टाचार कर राशी गबन आधिकारी कर चुके हैं वह राशि मलना चाहिये ,ग्रामीणों ने बताया कि एक वर्ष पुर्व ग्राम भानबरड में बिजली के व वह खम्बे शासन प्रशासन द्वारा लगने थे जो कि आधे गांव में लगाए गये,लेकिन आधा गांव चंचित रह गया ,जो सिमांत कृषक है उनको खाद्य पात्रता पर्ची दिलवायी जाए तथा जीन लोगो को शोचालय के पैसे नहीं भुक्ता कीया जाए यह मांग ग्राम के धरना, दे रहे ग्रामीण राजु संकडिया, भैयालाल पिपल्दिया,देवराम पुनाशिया, मोहन फुवाजी, रूपनारायण मालवीया, राघोराम पटेल आदि ग्रामवासियों ने की है

# ब्रह्मकुमारी केन्द्र पर मनाया गया शिव जयंती महोत्सव



बड़वाह -शनिवार को ब्रह्माकुमारी केंद्र पर 87वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया गया। जिसके अन्तर्गत बड़वाह केंद्र पर परमात्मा शिव का अवतरण दिवस उनके जन्मदिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम केंद्र पर शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया गया। इसके पश्चात केक कटिंग, कैंडल लाइटिंग, शिव ध्वजारोहण, प्रतिज्ञा व प्रसाद वितरण किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व शांति सद्भावना रैली निकाली गई। शाम में नगर पालिका परिसर से शुरू हुई रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कंवर कॉलोनी पहुंची। नपा परिसर में नपा अध्यक्ष राकेश गुप्ता, जनभागीदारी अध्यक्ष जितेंद्र सुराणा, पवन सिंघल,मनीष शर्मा एवं पार्षदों ने झंडी दिखा कर रैली की शुरुआत की। जगह-जगह रैली का पुष्पहार से स्वागत किया गया। रैली के साथ परमात्मा शिव की भव्य सूंदर झांकी आकर्षण का केंद्र थी। इसके साथ ही मनमोहक परमात्मा शिव की यादो के गीत भी बज रहे थे। अंत में सभी केंद्र पर स्वल्पाहार वितरित किया गया।

बडवाह नगर की धर्मप्रेमी जनता द्वारा व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तोमर व साथियों द्वारा नगर हिदू संगठन के अनिल राय व साथियों द्वारा , किराना एसोसिएशन व पत्रकार बंधुओं द्वारा व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र पंड्या व अन्य द्वारा किया गया ।शिवदर्शन झांकी व रैली नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए नागेश्वर मन्दिर पहुंच कर पुनः मेंन चौराहा से महेश्वर रोड़ होते हुए कंवर कॉलोनी स्थित पूजा गार्डन पहुची जहाँ सभी को स्वल्पाहार करा कर केंद्र प्रभारी वीणा दीदी ने सभी का आभार माना व पुलिस प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया

## शिव दर्शन पर प्रकाश डाला गया

जिसमें मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशमंत्री मुकेश गुप्ता ,नगर हिन्दू संगठन के अध्यक्ष पवन सिंघल मारवाडी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मनीष शर्मा डॉ राजेश पाटीदार ने दीप प्रज्वलित कर परमात्मा शिव को पुष्पहार अर्पण कर केक काटते हुए परमात्मा शिव की जयंती मनाई ।वही बाल कलाकारो द्वारा शिव स्तुति नृत्य भी किया गया ।बी के वीणा दीदी द्वारा शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए सभी को अपने मन मे जो विकारो रूपी अक धतूरे पडे हैं उन्हें शिव पर अर्पण करने की बात कही गयी। मुकेश गुप्ता द्वारा भी शांत व निर्भय मन से शिव को याद करने के लिए शिव दर्शन पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर शिव ध्वजारोहण कर ध्वज के नीचे प्रतिज्ञा कर बुराइयों को छोडने का व्रत लिया व दीदियों द्वारा सभी को बधाई देते हुए अतिथियों को ईश्वरीय सौगात प्रदान कर प्रसाद वितरण किया गया


कार्यालय नगर पालिका परिषद बडवाह जिला खरगोन (म0प्र0)
दूरभाष न 07280-222036 www.nagarpalikabarwaha.com cmobadwah@mpurban.gov.in

क्रमांक /लो.नि.वि./ई-टेण्डर/2023/ बडवाह दिनांकः- /02/2023

ऑनलाईन (Online) प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद बडवाह द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (online) निविदा UADD ISSR (W.E.F.02/Aug/2021 and ammendments) पर प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र | TENDER NO | कार्य का नाम | लागत | अमानत राशि | फार्म शुल्क | समय अवधि (वर्षाकाल सहित) | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_245392_1 | वार्ड क्रमांक 14, 15 MG रोड पर सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण कार्य| | 1,01,98,536 | 51,000 | 12,500 | 12 माह | 2/3/2023 |
| 2 | 2023_UAD_245393_1 | वार्ड क्रमांक 14 में पूनम ज्वेलर्स से वाइन शॉप तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य| | 13,03,280 | 9,800 | 2,000 | 4 माह | 23/2/2023 |
| 3 | 2023_UAD_245394_1 | वार्ड क्रमांक 11 स्थित इंदिरा मार्केट में शौचालय निर्माण कार्य| | 5,29,294 | 5,300 | 2,000 | 3 माह | 23/2/2023 |

(राकेश गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,बडवाह

(मुमताज बी साबिर खान)
सभापति, लोक निर्माण शाखा
नगर पालिका परिषद,बडवाह

(कुशल सिंह डोडवे)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका,बडवाह

क्रमांक /लो.नि.वि./ बडवाह दिनांक /02/2023
प्रतिलिपीः-

1) आयुक्त महोदय, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल की सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
2) नगर पालिका कार्यालय/कृषि उपज मण्डी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चश्पा करने हेतु ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका बडवाह